भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +3394
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**स्वदेश दर्शन योजना की उपलब्धियां**

**+3394. श्री गजानन कीर्तिकरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार स्वदेश दर्शन योजना की उपलब्धियां क्या-क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना के उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की योजना महाराष्ट्र में अधिक थीम-आधारित सर्किटों को शामिल करने के लिए उक्त योजना का विस्तार करने की है और यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): देश में थीम आधारित परिपथों के एकीकृत विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना शुरू की थी। योजना की शुरूआत से अब तक मंत्रालय ने 5588.44 करोड़ रु से पर्यटन अवसंरचना विकास से संबंधित 76 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं जिनमे से 11 परियोजनाएं भौतिक रूप से पूरी हो चुकी हैं और 34 परियोजनाएं भौतिक रूप से पूरी होने वाली है। शेष परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है। इस योजना के अन्तर्गत नई परियोजनाओं की स्वीकृति समीक्षाधीन है।

*******